# 8 आमेर का कछवाहा राजवंश

1. औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् उसका कौनसा पुत्र भारत छोड़कर पारस चला गया था?
(1) कामबक्ख (2) मुअज्जम
(3) शहजादा अकबर (4) आजम (3)

**व्याख्या–** औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्रों मुअज्जम, आजम, कामबख्श और शहजादा अकबर में उत्तराधिकारी युद्ध प्रारंभ हो गया। शहजादा अकबर भारत छोड़कर पारस चला गया। कामबख्श की शासन करने की कोई इच्छा नहीं थी। मुअज्जम व आजम के मध्य उत्तराधिकार का युद्ध हुआ। जिसमें मुअज्जम (बहादुरशाह) की विजय हुई।

2. आमेर शासक मानसिंह प्रथम की छत्तरी निम्न में से किस स्थान पर बनी हुई है?
(1) मौजमाबाद, आमेर (2) हाड़ीपुरा, आमेर
(3) हाथी गाँव, आमेर (4) मानमहल, अजमेर (2)

3. राजस्थान में सर्वप्रथम डाक टिकट व पोस्टकार्ड की शुरुआत करने का श्रेय किस शासक को जाता है?
(1) माधोसिंह प्रथम, जयपुर (2) माधोसिंह द्वितीय, जयपुर
(3) सवाई मानसिंह द्वितीय (4) सवाई रामसिंह द्वितीय (2)

4. निम्नांकित में से आमेर के किस शासक ने शेरशाह सूरी की अधीनता स्वीकार की थी?
(1) सांगा कच्छवाहा (2) पृथ्वीराज कच्छवाहा प्रथम
(3) रतन सिंह (4) राजा चन्द्रसेन (3)

5. 'मौजमाबाद' नामक स्थान जयपुर के किस शासक की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है?
(1) सवाई प्रताप सिंह (2) भगवंत दास
(3) मानसिंह प्रथम (4) भारमल (3)

**व्याख्या–** 6 दिसम्बर, 1550 ई. को मोजमाबाद, जयपुर में मानसिंह प्रथम का जन्म हुआ। कर्नल जेम्स टॉड ने इन्हें भगवंतदास का दत्तक पुत्र बताया।

6. मिर्जा राजा मानसिंह ने मुगल साम्राज्य की सेवा लगभग कितने वर्षों तक की?
(1) 48 (2) 52
(3) 46 (4) 54 (2)

**व्याख्या–** इन्होंने दो मुगल बादशाहों की सेवा की थी। मानसिंह 52 वर्षों तक मुगलों की सेवा में रहे।
1. कुँवर मानसिंह के रूप में 1562–89 ई. तक
2. शासक के रूप में अकबर की सेवा में 1589–1605 ई. तक
3. शासक के रूप में जहाँगीर की सेवा में 1605–1614 ई. तक

7. किस मुगल बादशाह ने सवाई जयसिंह को 7000 का मनसब दिया तथा मालवा का सुबेदार नियुक्त किया?
(1) औरंगजेब (2) फर्रूखशियर
(3) जहांगीर (4) शाहजहां (2)

**व्याख्या–** 1713 ई. में फर्रूखशियर ने सवाई जयसिंह को 7,000 जात व सवार का मनसब दिया तथा मालवा का सुबेदार नियुक्त किया इस दौरान इसने मराठों से मालवा की रक्षा की।

8. किस शासक को 'चौगान खेलों का संरक्षक' कहा जाता है?
(1) मिर्जा राजा जयसिंह (2) मिर्जा राजा मानसिंह
(3) सवाई जयसिंह (4) भावसिंह (1)

9. जयपुर के किस शासक ने राजसूय, वाजपेय तथा पुरुषमेध यज्ञ करवाए थे?
(1) मिर्जा राजा मानसिंह (2) पृथ्वीराज
(3) सवाई जयसिंह द्वितीय (4) रामसिंह (3)

10. 'सुरज कुंवरी' जिसका विवाह आमेर के राजा सवाई जयसिंह के साथ हुआ था। ये किसकी पुत्री थी?
(1) मेवाड़ के शासक अमर सिंह द्वितीय की
(2) बीकानेर के शासक लुणकरण की
(3) मारवाड़ के शासक अजीत सिंह की
(4) कूच बिहार के शासक लक्ष्मी नारायण की (3)

11. निम्न में से असत्य कथन को छांटिए–
(1) दौराई का युद्ध औरंगजेब व दारा के मध्य लड़ा गया।
(2) गंगवाना का युद्ध मुगलों व सवाई जयसिंह के मध्य हुआ।
(3) महाराणा अमर सिंह प्रथम की पुत्री चन्द्र कुंवरी का विवाह सवाई जयसिंह से किया गया।
(4) अजीत सिंह ने अपनी पुत्री सुरज कुंवरी का विवाह सवाई जयसिंह से किया। (3)

**व्याख्या–** चन्द्र कुंवरी महाराणा अमर सिंह द्वितीय की पुत्री थी जिसका विवाह सवाई जयसिंह के साथ हुआ था।

12. जयपुर शहर को चारदीवारी के बाहर सुनियोजित रूप से बसाने के कारण किसको 'आधुनिक जयपुर शहर का निर्माता' कहा जाता है?
(1) विद्याधर भट्ट (2) मिर्जा इस्माईल
(3) पुंडरीक विठ्ठल (4) मेजर जॉन लुडलो (2)

**व्याख्या–** मिर्जा इस्माइल मानसिंह द्वितीय के प्रधानमंत्री थे। इन्हें आधुनिक जयपुर शहर का निर्माता कहा जाता है। इनकी याद में जयपुर में एम.आई. रोड़ है।

13. निम्नलिखित में से कौनसा कथन कच्छवाहा शासकों के बारे में सत्य नहीं हैं?
(1) सहस्त्र बाहु में एक अभिलेख (1093 ई.) के अनुसार महिपाल कच्छवाहा वंश से संबंधित था।
(2) जयपुर रियासत का झंडा लाल व बीच में सूर्य की आकृति बनी है।
(3) आमेर शिलालेख (1612 ई.) में कच्छवाहा शासकों को 'रघुवंश तिलक' कहा गया है।
(4) रामगढ़ कस्बे का पूर्व में नाम मांची था। (2)

**व्याख्या–** जयपुर रियासक का झंडा पंचरंगा व बीच में सूर्य की आकृति बनी हुई है तथा सबसे ऊपर राधागोविन्द का चित्र भी अंकित है।

14. भटवाड़ा का युद्ध कब व किसके मध्य लड़ा गया?
(1) 1661 ई. में सवाई माधोसिंह व राव शत्रुशाल के मध्य
(2) 1761 ई. में सवाई माधोसिंह व राव शत्रुशाल के मध्य
(3) 1761 ई. में ईश्वरी सिंह व राव शत्रुशाल के मध्य
(4) 1661 ई. में सवाई ईश्वरी सिंह व बालाजी बाजीराव (2)

15. 'पोथीखाना' नामक निजी पुस्तकालय की स्थापना निम्न में से किस शासक द्वारा की गई थी?
(1) जगतसिंह द्वितीय (2) सवाई जयसिंह तृतीय
(3) सवाई रामसिंह द्वितीय (4) सवाई जयसिंह द्वितीय (4)

16. आमेर के सवाई जयसिंह व मारवाड़ के अजीत सिंह के समकालीन दिल्ली का शासक निम्न में से कौन था?
(1) शाहजहां (2) जहांगीर
(3) अकबर (4) बहादुरशाह (4)

17. निम्नलिखित में कौनसी सी एक राजधानी कच्छवाहा राजपूतों की नहीं रही है?
(1) खोह (2) दौसा
(3) आमेर (4) चाकसु (4)

18. 'मानसिंह कीर्ति मुक्तावली' के रचनाकार निम्न में से कौन थे?
(1) मिर्जा राजा मानसिंह (2) कुलपति मिश्र
(3) जगन्नाथ (4) केवलराम (3)

**व्याख्या**– मानसिंह के समय साहित्यकार व उनकी रचनाएँ–
1. दलपतराज– राजप्रशस्ति व पवन पश्चिम
2. जगन्नाथ– मानसिंह कीर्ति मुक्तावली
3. मुरारिदान– मानप्रकाश
4. दादुदयाल– दादुवाणि

19. सवाई ईश्वरी सिंह के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) सिटी पैलेस के पास ईसरलाट का निर्माण करवाया।
(2) इन्होंने बगरू का युद्ध लड़ा।
(3) मानपुर युद्ध के विजेता ईश्वरी सिंह रहे।
(4) राजमहल का युद्ध 1744 ई. में बुरी तरह हार हुई। (4)

**व्याख्या**– राजमहल का युद्व 1 मार्च, 1747 ई. को बनास नदी के किनारे हुआ। ईश्वरीसिंह तथा माधोसिंह (मेवाड़, कोटा, बूँदी व मराठों की सयुक्त सेना) के मध्य हुआ, जिसमें ईश्वरी सिंह की विजय हुई। जिसके उपलक्ष में ईसरलाट का निर्माण करवाया।

20. वृंदावन में गोविन्द देव जी का मन्दिर किस शासक द्वारा बनवाया गया जिसे 'राधा–गोविन्द' भी कहा जाता है?
(1) प्रताप सिंह (2) मिर्जा राजा मानसिंह
(3) सवाई मानसिंह द्वितीय (4) तेजपाल (2)

21. उत्तर भारत का पहला रंगमच व राजस्थान का प्रथम फारसी थियेटर 'रामप्रकाश थियेटर' की स्थापना किस शासक के द्वारा की गई?
(1) जगत सिंह द्वितीय (2) सवाई रामसिंह प्रथम
(3) सवाई मानसिंह द्वितीय (4) सवाई रामसिंह द्वितीय (4)
(1) तुंगा का युद्ध (2) मालपुरा का युद्ध
(3) पाटन का युद्ध (4) धरमत का युद्ध (1)

22. देबारी समझौता किन–किन शासकों के मध्य हुआ था?
(1) अजीत सिंह, सवाई जयसिंह तथा अमर सिंह प्रथम
(2) अजीत सिंह, मिर्जा राजा जयसिंह व अमर सिंह प्रथम
(3) अजीत सिंह, अमर सिंह द्वितीय व मानसिंह
(4) अजीत सिंह, सवाई जयसिंह व अमर सिंह द्वितीय (4)

23. आमेर में स्थित गोविन्द देव जी मन्दिर में स्थापित मूर्ति कहां से लाई गई थी, जिसे सवाई जयसिंह ने जयपुर के सिटी पैलेस में मन्दिर बनाकर वहां स्थापित कर दिया?
(1) द्वारका (2) आगरा
(3) वृंदावन (4) उज्जैन (3)

24. आमेर के राजकुमार जगतसिंह ने कांगड़ा युद्ध में अकबर के विरोधी को पराजित करने के उपलक्ष में अकबर ने किसे रायजादा की उपाधि प्रदान की?
(1) कलाल खाँ (2) मेहराब खाँ
(3) जलाल खाँ (4) मासूम खाँ (1)

25. सवाई जयसिंह ने निम्नलिखित में किस मुगल बादशाह की सेवा नहीं की?
(1) शाहजहां (2) शाहजहां द्वितीय
(3) औरंगजेब (4) रफी उल दर्जत (1)

26. मिर्जा राजा जयसिंह ने निम्न में से किस मुगल बादशाह की सेवा नहीं की?
(1) शाहजहां (2) जहांगीर
(3) अकबर (4)औरंगजेब (3)

27. निम्नलिखित में से किस आमेर शासक का एक 7 फिट लम्बा व 4 फिट चौड़ा कुर्ता (गाउन) व पायजामा सिटी पैलेस, जयपुर में रखा गया है?
(1) माधोसिंह प्रथम (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) सवाई जयसिंह (4) प्रताप सिंह (1)

28. जयपुर को 'पिंक सिटी' किसने कहा–
(1) प्रिंस ऑफ वेल्स (2) स्टेनले रीड
(3) एडवर्ड पंचम (4) कर्नल टॉड (2)

29. कामां का युद्ध निम्न में किन शासकों के मध्य लड़ा गया?
(1) सवाई माधोसिंह द्वितीय व जवाहर सिंह
(2) सवाई माधोसिंह प्रथम व जवान सिंह
(3) सवाई माधोसिंह प्रथम व जवाहर सिंह
(4) सवाई माधोसिंह प्रथम व बदन सिंह (3)

30. निम्न में से कौनसा ग्रंथ जयपुर शहर की नगर–निर्माण योजना की जानकारी देता है?
(1) रामरासा (2) बुद्ध प्रकाश
(3) बुद्धि विलास (4) ललिताची प्रदीपका (3)

31. जयपुर के किस शासक ने 'बृजनिधि' उपनाम से कविताओं की रचना की?
(1) सवाई प्रताप सिंह (2) सवाई जयसिंह
(3) ईश्वरी सिंह (4) सवाई मानसिंह (1)

32. जयपुर के संस्थापक महाराजा जयसिंह द्वितीय के पिता कौन थे?
(1) भारमल (2) मानसिंह
(3) महाराजा बिशन सिंह (4) पूर्णमल (3)

33. जयपुर शहर की स्थापना कब हुई थी?
(1) 1559 (2) 1779
(3) 1727 (4) 1488 (3)

34. निम्नलिखित में से कौन आमेर के शासक मानसिंह– I के संरक्षण में था?
(1) कुलपति मिश्र (2) नरोत्तम कवि
(3) बिहारी (4) जगन्नाथ (2)

35. निम्न में से कछवाहा राजवंश के बारे में सत्य कथन नहीं है?
(1) दूल्हेराय ने माँची नामक स्थान का नाम बदलकर 'रामगढ़' रखा व रामगढ़ दुर्ग का निर्माण किया।
(2) आमेर के कछवाहा शासक प्रारंभ में चौहान के अधीन थे।
(3) पृथ्वीराज कच्छवाहा के समय महाराणा सांगा ने आमेर के कच्छवाओं को अपना सामंत बना लिया था।
(4) आमेर के कछवाहा कभी भी गुहिल वंश के अधीन नहीं रहे।
(1) केवल 2, 4 (2) केवल 1 व 4
(3) केवल 3 व 4 (4) उपर्युक्त सभी (3)

व्याख्या– पृथ्वीराज कछवाहा के समय महाराणा कुम्भा ने आमेर के कछवाओं को अपना सामंत बना लिया था व आमेर के कछवाहा गुहिल वंश के अधीन रहे।

36. किस सन् में अकबर ने मानसिंह को 7000 जात व 6000 सवार का मनसब प्रदान किया था?
(1) 1605 (2) 1611
(3) 1615 (4) 1608 (1)

37. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) रतन सिंह के शासनकाल में शासन संबंधी कार्य तेजसी रायमलोत देखता था।
(2) मानसिंह से अकबर की प्रथम मुलाकात जनवरी 1562 में बैराठ में हुई।
(3) मानसिंह का राज्याभिषेक 1589 में पटना में हुआ।
(4) मानसिंह जगतशिरोमणि मन्दिर अपनी रानी कनकावती की याद में बनवाया। (4)

व्याख्या– जगतशिरोमणि मन्दिर का निर्माण मानसिंह की रानी कनकावती ने अपने मुत्र जगतसिंह की याद में करवाया था।

38. मोमिनाबाद किस किले का नाम रखा गया था?
(1) उदयपुर (2) आमेर
(3) चित्तौड़ (4) रणथंभौर (2)
(3) नाहरसिंह (4) प्रताप सिंह (1)

39. निम्न में से किस विद्रोह को दबाने के बाद मानसिंह प्रथम के दो पुत्र दुर्जन सिंह व हिम्मत सिंह काम आ गये थे?
(1) दक्षिण विद्रोह (2) बंगाल विद्रोह
(3) जाट विद्रोह (4) लाहौर विद्रोह (2)

40. अजमेर में निर्मित 'मेया कॉलेज की घोषणा किस दरबार में की गई?
(1) दिल्ली दरबार 1870 (2) अजमेर दरबार 1870
(3) जयपुर दरबार 1870 (4) इंग्लैंड दरबार 1870 (2)